प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
çknsf'kd lekpkj cqysfVu

18-45 eqxyokj fnukad 18-11-2025

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

eq[; lekpkj&

1–छत्तीसगढ़–आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में माओवादी कमांडर हिड़मा सहित छह नक्सली मारे गए।

2–छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज एक दिन के विशेष सत्र का आयोजन कर विधानसभा की पच्चीस वर्षों की संसदीय यात्रा पर चर्चा की गई।

3–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संचय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिलों, पंचायतों और संस्थानों को पुरस्कृत किया–रायपुर, बालोद, डूमरपानी और गरियाबंद को भी सम्मानित किया गया।

4– प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत कल धमतरी में होने वाले कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे–इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों को सम्मान निधि की इक्कीसवीं किस्त हस्तांतरित करेंगे।

ek kokn! eq"#k$

छत्तीसगढ़–आंध्रप्रदेश की सीमा पर आज सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से वांछित माओवादी कमांडर हिड़मा इस मुठभेड़ में मारा गया है। वह सीपीआई माओवादी की सेंट्रल कमेटी का सदस्य था। उस पर पचास लाख रुपये का इनाम घोषित था। हिड़मा पर वर्ष दो हजार दस में दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ जवानों पर हुए हमले, वर्ष दो हजार तेरह में झीरम घाटी हमले सहित छब्बीस बड़ी माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

इस मुठभेड़ में हिड़मा सहित छह माओवादी मारे गए हैं। यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़ की सीमा के पास आंध्रप्रदेश के अल्लूरी–सीताराम जिले के मारेडू मिल्ली के जंगल में हुई। मुठभेड़ में मारे गए अन्य माओवादियों की पहचान हिड़मा की पत्नी राजे, डीसीएम लकमल, पीपीसीएम कमलू और मल्ला तथा हिड़मा के गार्ड देवे के रूप में हुई है। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से माओवादियों के शव के साथ ही दो एके–फोर्टी सेवन राइफल, एक रिवॉल्वर और एक पिस्तौल बरामद की है।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हिड़मा का मारा जाना मार्च दो हजार छब्बीस तक सशस्त्र नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने कहा कि हिड़मा का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए एक निर्णायक बढ़त है।

ek kokn! fxj&'kj

इस बीच, आंध्रप्रदेश पुलिस ने विजयवाड़ा, एनटीआर, कृष्णा, काकीनाडा, एलुरु और आसपास के क्षेत्रों से इकतीस माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से नौ माओवादी केंद्रीय समिति सदस्य देवजी के सुरक्षा गार्ड हैं। जबकि बाईस पीएलजीए और साउथ बस्तर जोनल कमेटी से जुड़े सदस्य बताए गए हैं।

fo(kku l#kk&fo'k)k l*

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज एक दिन के विशेष सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है।
और ब्यौरा दे रहे हैं, हमारे रायपुर संवाददाता अभिषेक कुमार –

विधानसभा के वर्तमान भवन में आयोजित विशेष सत्र में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के पच्चीस वर्षों की संसदीय यात्रा पर चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने सदन को बताया कि आज का यह विशेष सत्र वर्तमान विधानसभा भवन में आखिरी सत्र है। विधानसभा का अगला सत्र चौदह से सत्रह दिसंबर तक नवा रायपुर स्थित नये विधानसभा भवन में आयोजित किया जाएगा। चौदह दिसंबर को हालांकि रविवार है, लेकिन चूंकि पच्चीस साल पहले वर्ष दो हजार में छत्तीसगढ़ के गठन के बाद राज्य विधानसभा का पहला सत्र चौदह दिसंबर को ही शुरू हुआ था। इसलिए नये विधानसभा भवन में भी पहले सत्र की शुरूआत चौदह दिसंबर से होगी।

आज हुई विशेष चर्चा में सत्तापक्ष और विपक्ष के अनेक सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के विधायक अजय चंद्राकर ने की। श्री चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का पहला सत्र वर्ष दो हजार में रायपुर स्थित राजकुमार कॉलेज के जशपुर हॉल में टेंट में आयोजित किया गया था।

इससे पहले, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अविभाजित मध्यप्रदेश की पूर्व विधायक रजनीताई उपासने, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष बनवारीलाल अग्रवाल और अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व सदस्य राधेश्याम शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने इन दिवंगत सदस्यों के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में दिए गए योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

आकाशवाणी समाचार के लिए विधानसभा परिसर से मैं अभिषेक कुमार।

fcdk+j&,u,k'!; xkjo fno l

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में कल उन्नीस नवंबर से अंबिकापुर के पी.जी कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में बीस नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

समारोह के पहले दिन कल जनजातीय गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में जनजातियों का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

jk)V+f'&,y +j/dkj

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार के तहत सर्वश्रेष्ठ जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, संस्थान सहित दस श्रेणियों में छियालीस विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इनमें छत्तीसगढ़ के रायपुर नगर निगम को जल संचय में पहला पुरस्कार, बालोद जिले को पूर्वी जोन में सर्वश्रेष्ठ जिला, कांकेर जिले की डूमरपानी ग्राम पंचायत को श्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में तीसरा स्थान, गरियाबंद जिले को जोन–एक कैटेगिरी–दो में तीसरा स्थान और रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूल श्रेणी में सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने रायपुर नगर निगम को जल संचय जन भागीदार अभियान का प्रथम पुरस्कार सौंपा, जिसे रायपुर निगम आयुक्त विश्वदीप ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है।

(ke'j!&dn!; df)k e*!

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत कल धमतरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे और वे किसानों को सम्मान निधि की इक्कीसवीं किस्त का हस्तांतरण करेंगे।

धमतरी के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे।

अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री रायपुर के पास में स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटिक स्ट्रेस मैनेजमेंट में वैज्ञानिकों और किसानों से चर्चा करेंगे। इसके अलावा वे लाभार्थी सम्मेलन में भी शामिल होंगे। श्री चौहान अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर के पास भाटागांव में स्थित एक फॉर्म में कृषक संवाद और किसान चौपाल में भी शामिल होंगे।

ukck$ dk;3e

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक–नाबार्ड द्वारा आज रायपुर में सहकारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने किया। इस अवसर पर नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक डॉक्टर ज्ञानेन्द्र मणी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार का संकल्प सहकार से समृद्धि का है। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों का संचालन पारदर्शिता के साथ होना चाहिए और इन्हें स्व–सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

f$f,Vy ,!ou çek4k +*

राज्य शासन ने पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र जमा करने विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पेंशनरों को अब जीवन प्रमाण–पत्र जमा करने के लिए अपने मूल बैंक शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे किसी भी बैंक में जाकर या घर बैठे "जीवन प्रमाण" मोबाइल ऐप और वेबसाइट के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र जमा कर सकते हैं। सभी पेंशनरों से अपील की गई है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाकर समय पर अपना जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें, ताकि उनकी पेंशन निर्बाध रूप से जारी रह सके।

cky 5fed&e6'

रायपुर की एक निजी मशरूम प्रसंस्करण इकाई में मजदूरी कर रहे एक सौ बीस बच्चों को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, महिला और बाल विकास विभाग, पुलिस तथा गैर सरकारी संगठन ने मुक्त करा लिया है। इनमें चौदह से सत्रह वर्ष आयु वर्ग की अस्सी लड़कियां और चालीस लड़के शामिल हैं। ये बच्चे मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड और असम के जनजातीय इलाकों के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

lekpkj l7k+ e ---

–छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भरत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

–ओडिशा के ब्रह्मपुर और गुजरात के उधना के बीच कल उन्नीस नवंबर से हर सप्ताह रविवार, बुधवार और शुक्रवार को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएगी। इस ट्रेन का ठहराव रायपुर और दुर्ग स्टेशन पर भी दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>